

एक नजर में

## भक्तों ने गुरु पद पूजन कर लिए आशीर्वाद मंदिर, आश्रमों पर लगी रही भक्तों की भीड़



**बाग** -गुरु पूर्णिमा के पर्व पर बाग और क्षेत्र के मंदिरों, आश्रमों में भक्तों की भीड़ रही । बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुजनों के पद पूजन कर आशीर्वाद लिए । बाग के समीप अवधूत संत श्री लक्ष्मण गिरी सरकार की तपोस्थली गंगाकुई धाम पर भक्तजनों ने संतश्री सूरजपूरी जी महाराज के पद पूजन कर आशीर्वाद लिए । बाग में ज्योतिषाचार्य प दिनेश जी उपाध्याय और श्रीनरसिंह मंदिर के महंत बृजमोहनदासजी महाराज के पद पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन पहुंचे । नरसिंह मंदिर पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित भंडारे में भी बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए । गंगाकुई धाम पर भी गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। बाग से श्रद्धालुजन कोटेश्वर तीर्थ , बालीपुर , मेघनाथ घाट भी पहुंचे और गुरु पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए ।

शिष्य के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं गुरु- बाग के ज्योतिष आचार्य, कथावाचक प दिनेश जी उपाध्याय ने बताया कि गुरु शिष्य की अनन्य भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर उसके सारे अवगुण , दोषों को हर कर उसके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करतेहैं। गुरु ही अपने शिष्य की बुद्धि को सन्मार्ग में प्रेरित कर भवसागर से पार करवाते है । गुरु पूर्णिमा गुरु और शिष्य दोनों की आत्माओं का मिलन , समर्पण विलय का पर्व है ।

## मथुरा से पधारे कथावाचक पंडित उपाध्याय का गवली समाजजनों और हरिओम मंडल ने किया सम्मान



**सरदारपुर।** गुरुवार को गुरु भक्तो द्वारा गुरु पूर्णिमा श्रद्धा से मनाई गई। मथुरा वृंदावन से पधारे कथावाचक पंडित महेश कृष्ण उपाध्याय का सम्मान श्रीराम मन्दिर गवली समाजजनो और हरिओम मंडल के राजेंद्र ग्रेवाल, शैतानसिंह चौहान, लक्ष्मण तिवारी द्वारा साफा बांधकर सम्मान स्वागत किया गया। पंडित उपाध्याय ने आशिर्वाद वचन भक्तो को दिया गया। पंडित उपाध्याय द्वारा आगामी माह मे गोपाल कालोनी गवलीपुरा बस्ती में श्रीमद भागवत ज्ञान कथा का रसपान भक्तजनों को कराएंगे।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया...



**सरदारपुर ।** दसई मे संत श्री आशाराम जी बिल्केश्वर महादेव आश्रम मे भी गुरु पूर्णिमा का पर्व बडी धूमधाम से मनाया गया , प्रसिद्ध आश्रम मे अलसुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुँचने का सिलसिला शुरु हो गया और दिन भर श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुँचकर बापुजी के दर्शन किये और आर्शिवाद लिया . इस दौरान आश्रम स्थित महादेव मंदिर मे भी विशेष श्रंगार,हवन पूजन के बाद पादुका पुजन आशाराम रामायण का पाठ,गुरु गीता का पाठ किया गया , साथ ही सुबह से ही कई धार्मिक आयोजन किये गये जो कि दिनभर चलते रहे,दोपहर मे आरती के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमे बडी संख्या मे श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया . श्रद्धालु बताते है कि लगभग बारह साल से दुष्प्रचार के बाद भी आज भी भक्तो की अटूट आस्था है और आज भी गुरुभक्त दुर दुर से गुरु पूर्णिमा पर यहाँ दर्शन करने आते है और आर्शिवाद प्राप्त करते है .

## भागवत कथा का आयोजन होगा

**नागदा ( धार )।** श्री सत्यवीर तेजाजी स्थानक मंदिर प्रांगण पर



13 जुलाई रविवार से 19 जुलाई शनिवार तक सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन पं. वासुदेव शर्मा चन्देसरी धाम उज्जैन के मुखारबिन्द से दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। कथा में 16 जुलाई को श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं माखन-मिश्री प्रसाद, 17 जुलाई को गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 18 जुलाई को रूकमणी विवाह एवं 19 जुलाई को सुदामा चरित्र एवं महाप्रसादी के साथ कथा की पूर्णाहुति होगी। कथा प्रारंभ से पूर्व मंदिर प्रांगण से नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**धार ./** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत (माय भारत) धार द्वारा शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शारदा विध्या मंदिर स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता (विषय- भारत में जनसंख्या- समस्या एवं समाधान) का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा वर्ष 1989 में पहली बार विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया था। इसे प्रत्येक वर्ष मनाने का उद्देश्य यही है कि दुनियाभर में जनसंख्या के वैश्विक मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके।





# श्री गुरु पूर्णिमा पर जनप्रतिनिधियों ने साधु-संतों का किया सम्मान

## भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले के प्रत्येक मंडलों में गुरुओं का किया गया सम्मान

### गुरु ही हमें मार्ग दिखाता है- महंत निलेश भारती

**धार ।** श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल पर केंद्रीय मंत्री एवं सांसद सावित्री ठाकुर विधायक नीना विक्रम वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने शाल श्रीफल भेंट कर साधु संतों गुरुओं का किया सम्मान। साथ ही मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पूजन अर्चना करते हुए देश के लिए सुख और समृद्धि की कामना की।

केंद्रीय मंत्री एवं सांसद सावित्री ठाकुर माण्डव श्रीराम मंदिर पर महामंडलेश्वर श्री डॉ. नरसिंहदास जी महाराज तथा बदनावर विधानसभा क्षेत्र ग्राम छायन आश्रम में संत पूजन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती और विधायक नीना विक्रम वर्मा ने धार स्थित श्री नित्यानंद आश्रम में अवधूत पूज्य गुरुदेव नित्यानंद बापजी के दर्शन कर उनका सान्निध्य प्राप्त हुआ।



भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा की गुरु पूर्णिमा का बहुत बड़ा महत्व मानव व्यक्ति के जीवन में होता है जो हमें मार्ग दिखाकर सफलता की ओर ले जाता है हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक गुरु को बनाकर आशीर्वाद ग्रहण करते रहें।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले के सभी मंडलों के प्रमुख धार्मिक स्थानों पर भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि पंहुचकर गुरुओं और साधु संतो का सम्मान किया। कार्यक्रम जिला संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे,खेल प्रकोष्ठ संयोजक लाखन सिंह नवासा ने खेल प्राधिकरण जेतपुरा में खेल टीचर का सम्मान किया गया। इसी प्रकार डॉ शरद विजयवर्गीय दिलीप पटोदिया जगदीश जाट पूनमचंद फकीरा दीपक फेमस सहित अनेक भाजपा नेता व पदाधिकारी विभिन्न धार्मिक गुरु स्थानों कर साधु संतों गुरुओं का सम्मान किया।



# पर्यटक मित्र पुलिस बाइक पर सवार होकर संभालेंगे पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था

*पुलिस अधीक्षक ने बाइक सवार पुलिस कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।*

**मांडू ।** मांडू में आने वाले देसी विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने नया कदम उठाया है।अधीक्षक मनोज कुमार सिंह , महामंडलेश्वर डॉक्टर नर्सिंगदास महाराज, एसडीओपी मोनिका सिंह ने हरि झंडी दिखाकर पर्यटक मित्र पुलिस मोटरसाइकिल पार्टी को रवाना किया। मांडू आने वाले देसी विदेशी सैलानियों के साथ कोई दुर्घटना ना हो इसके लिए पुलिस लगातार काम कर रही है।

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने आयोजित शुभारंभ समारोह में कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा के लिए टोल फ्री नंबर जारी कर रहे हैं। मांडू आने वाले सैलानी कोई भी घटना होने अप्रिय घटना होने पुलिस की आवश्यकता होने पर टोल फ्री नंबर लगाएंगे और कुछ ही मिनट मैं पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए घटनास्थल पर पहुंचेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा मांडू टूरिस्ट स्थल के साथ आध्यात्मिक और धार्मिक स्थल भी है। पर्यटकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। हम इस दिशा में और भी नवाचार करेंगे।

बाइक सवार पुलिस पार्टी का काम पर्यटकों को उचित सुरक्षा प्रदान करना है यदि इसमें किसी प्रकार की कोताही हुई तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी पुलिस पार्टी पर पूरी निगाह रखेंगे।

## निष्प्रयोजित वाहन की नीलामी हेतु आवेदन 23 जुलाई तक आमंत्रित .

**धार 11 जुलाई 25/** सचिव जिला रेडक्रास सोसायटी धार ने बताया कि कार्यालय की निष्प्रयोजित वाहन की नीलामी के लिये आवेदन 23 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित किये जावेंगे। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि तक आवेदन कर सकते है। आवेदन उसी दिन अपरान्ह 4 बजे संबंधित व्यक्तियों के समक्ष खोले जावेंगे। अधिक जानकारी के लिय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**धार.** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला इकाई धार के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के परम पुनीत अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगड़ी के विशाल मंच पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय के प्राचार्य महोदय श्री भरत पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता श्री भारत भूषण पिंगल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य,एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के धार जिला अध्यक्ष शरद जोशी卐शलभ卐 तथा मंचासीन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति और महर्षि वेद व्यास के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन पूजन एवं विद्यालय की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत नृत्यमय सरस्वती वन्दना से हुआ। तत्पश्चात मंचासीन आमंत्रित रचनाकारों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। गुरु वन्दना धार परिषद की नवोदित कवयित्री सुश्री कनिष्का रघुवंशी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री पिंगल जी ने विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए गुरु के महत्व को प्रतिपादित किया। इस अवसर पर परिषद के जिन रचनाकारों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सम्मुख गुरु का महिमामण्डन करते हुए अपनी उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत की उनमें श्री शरद जोशी 卐शलभ卐 श्री हरिहरदत्त शुक्ल , श्री कैलाश बंसल, सुश्री कनिष्का रघुवंशी के? नाम उल्लेखनीय हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों के मध्य 卐गुरु का महत्व卐 शीर्षक पर परिषद ने निबन्ध प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई, जिसमें माध्यमिक स्तर और उच्चतर स्तर पर विजेता जिन छात्र-छात्राओं को परिषद के द्वारा प्रमाण पत्र,पुस्तक,तथा कलम प्रदान कर पुरस्कृत किया गया उनमें माध्यमिक विभाग से लक्की (प्रथम) हर्षित चौधरी ( द्वितीय,) सचिन कतिजा (तृतीय) और उच्चतर विभाग से कविता पटेल(प्रथम)

खुशी (द्वितीय) पिंकी (तृतीय) स्थान पर रहे।

...कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटेल ने गरिमामय आशीर्वचन दिया। आभार श्री हरिहर दत्त शुक्ल ने प्रदर्शित किया।



एक नजर

नगर परिषद राजगढ़ के सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता आयोजित

# खरमौर अभ्यारण्य के डीनोटिफिकेशन पर भाजपा कर रही है गुमराह : विधायक ग्रेवाल

**सरदारपुर ।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा खरमौर अभ्यारण्य सरदारपुर के संबंध मे 3 जुलाई 2025 को राजपत्र का प्रकाशन कर खरमौर अभ्यारण्य का डीनोटिफिकेशन जारी किया गया है जिसमे 348.12 वर्ग किलोमीटर मे से खरमौर अभ्यारण्य से 215.2872 वर्ग किलोमीटर राजस्व भूमि खरमौर के आरक्षित क्षैत्र से बाहर हुई है अब सिर्फ 132.8344 वर्ग किलोमीटर वन भूमि खरमौर अभ्यारण्य मे रहेगी। सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने शुक्रवार को नगर परिषद् राजगढ के सभाकक्ष मे पत्रकार वार्ता को संबोधित किया जिसमे विधायक ग्रेवाल ने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा मेने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य किया है भाजपा के जनप्रतिनिधी आज जो क्षेत्र की जनता को गुमराह कर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है वे बताए कि केन्द्र मे 11 वर्ष एवं राज्य मे 21 वर्ष से अधिक समय से भाजपा की सरकार है फिर भी खरमौर अभ्यारण्य के डीनोटिफिकेशन मे इतना समय क्यो लगा।

विधायक प्रताप ग्रेवाल उठाई सबसे पहले आवाज -* विधायक ग्रेवाल ने बताया कि खरमौर अभ्यारण्य के 14 ग्रामो मे खरीदी बिक्री पर लगी रोक को हटाने के लिए सबसे पहले 26 अक्टुबर



2009 को किसानो के साथ जिला कलेक्टर धार को पत्र सौंपा गया था जिसके बाद जिला कलेक्टर धार द्वारा 23.12.2009 को पत्र क्रमांक 6805 के माध्यम से खरमौर अभ्यारण्य मे संसोधन का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया था वन विभाग मध्यप्रदेश द्वारा एक योजना तैयार कर सवौच्च न्यायालय मे याचिका दायर की गई है जिसमे खरमौर अभ्यारण्य सरदारपुर के 14 ग्रामो को बाहर किया जाना प्रस्तावित था और यह प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा केन्द्रीय साधिकार समिति को को दिनांक 30.10.2009 को हस्तांतरित कर दिया था। मध्यप्रदेश राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की 19वी बैठक दिनांक 14.01.2021 मे विचारोपरांत अनुशंसा की गई। राष्ट्रीय वन्य प्राणी बोर्ड की 68वी बैठक दिनांक 30.05.2021 की बैठक मे लिये गए निर्णय के अनुसार भारत सरकार द्वारा अभ्यारण्य के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित क्षेत्र से लगे हुए प्रस्तावित क्षेत्र से लगे हुए खरमौर पक्षी के रहवास हेतु उपयुक्त क्षेत्रो का चयन करते हुए राष्ट्रीय वन्य प्राणी बोर्ड के सदस्य एस.एस.सिंह एवं एन.टी.सी.ए. समिति सदस्य सचिव एस.पी.यादव की द्वि-सदस्यी समिति का गठन किया गया। उक्त समिति द्वारा दिनांक 18.05.2022 को क्षेत्र का भ्रमण कर खरमोर पक्षी के रहवास हेतु उपयुक्त क्षेत्रो का चयन कर पुनर्गठन प्रस्ताव प्रेषित करने के संबंध मे निर्देशित किया गया।

राष्ट्रीय वन्य प्राणी बोर्ड की स्टेंडिंग कमेटी की 25.04.2023 को आयोजित 72वी बैठक मे सरदारपुर के खरमौर अभ्यारण्य के पुनर्गठन के प्रस्ताव को पुन: परीक्षण उपरांत आगामी बैठक मे रखे जाने की सूचना दी गई और फिर 73वी बैठक दिनांक 17.07.2023 को आयोजित हुई जिसमे खरमौर के अधिसूचित क्षैत्र 348.12 वर्ग किलोमीटर मे से 215.29 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र मुक्त करने का प्रस्ताव तैयार किया गया। जिसकी जानकारी क्षेत्र के ग्रामीणो एवं पत्रकारो को 29 अगस्त 2023 को प्रेसनोट जारी कर दी गई थी।

सर्वोच्च न्यायालय की केन्द्रीय साधिकार समिति द्वारा राज्य सरकारों को निर्देश दिए कि डीनोटीफिकेशन किये जाने वाले संरक्षित क्षेत्र के समतुल्य क्षेत्र को राज्य शासन द्वारा किसी अन्य संरक्षित क्षेत्र में जो? जाने के बाद ही प्रस्ताव पर अनुशंसा की जाएगी जिसके अंतर्गत 215.2856 वर्ग किलोमीटर को हटाना था जिसमे 70.0327 वर्ग किलोमीटर कूनो एवं कर्माझिरी में समायोजित किया गया एवं 145.2529 वर्ग किलोमीटर को सोनेवानी अभ्यारण्य बालाघाट, डॉ भीमराव अम्बेडकर अभ्यारण्य सागर, महात्मा गाँधी अभ्यारण्य बुरहानपुर में समाहित करने के निर्देश दिए गये थे जिसकी सुचना 22.10.2024 को प्रेसवार्ता कर दी थी। वही मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए 3 जुलाई 2025 को राजपत्र का प्रकाशन कर खरमौर अभ्यारण्य का डीनोटिफिकेशन जारी किया जिससे खरमौर अभ्यारण्य के 14 ग्राम गुमानपुरा, बिमरोड, छडावद, धुलेट, पिपरनी, सेमल्या, केरिया, करनावद, सियावद, अमोदिया, सोनगढ, महापुरा, टिमायची, भानगढ मे निजी भूमि के क्रय-विक्रय पर लगी रोक हट जाएगी और किसानो को बैंक से ऋण मिलना भी प्रारंभ हो जाएगा।

### मध्यप्रदेश विधानसभा एवं सडको पर किया लगातार संघर्ष

इसके पूर्व भी विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा वर्ष 2010 मे 20 जुलाई एवं 30 नवंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा मे प्रश्न लगाकर शासन का ध्यान आकर्षित किया। 12 अप्रैल 2013 को प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर खरमौर की समस्या का समाधान करने की मांग रखी, जिसे सीएम मॉनिट प्रकरण मे रखकर कार्यवाही की गई। विधायक ग्रेवाल ने बताया कि 14 ग्राम के किसानो के साथ धार जिला मुख्यालय पर 3 जुलाई 2013 को अर्धनग्न प्रदर्शन किया गया। मेरे द्वारा कांग्रेस की सरकार के समय मुख्यमंत्री कमलनाथ को भी खरमौर की समस्या से अवगत करवाय गया। दुसरी बार विधायक बनने के बाद मध्यप्रदेश विधानसभा मे वर्ष 2018 से 2025 तक कई मर्तबा प्रश्न लगाकर आवाज उठाई तो वही कई मर्तबा प्रदेश के मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्रियो एवं प्रमुख सचिवो को पत्राचार भी किया। खरमौर अभ्यारण्य का डीनोटिफिकेशन जारी होने के बाद विधायक ग्रेवाल ने इस लम्बी ल?ाई में खरमोर अभ्यारण्य की जमीन की क्रय विक्रय पर लगी रोक को हटाने पर सर्वोच्च न्यायालय, केंद्र सरकार, मध्यप्रदेश सरकार, वन विभाग के अधिकारियो, केन्द्रीय वन्य प्राणी कमेटी, राज्य वन्य प्राणी कमेटी, जिला कलेक्टर, सभी 14 ग्राम की जनता, जनप्रतिनिधि, पत्रकारो का आभार व्यक्त किया।